पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

**केंद्रीय कार्यालय :** 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

**दि.** 1 फरवरी 2025

**-:प्रेस विज्ञप्ति:-**

## अभाविप ने किया केंद्रीय बजट 2025-26 का स्वागत

## शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों को मिला बढ़ावा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केंद्रीय बजट 2025-26 का स्वागत करती है। इस बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए ₹1,28,650 करोड़ और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए ₹ 98,000 करोड़ का महत्वपूर्ण आवंटन किया गया है। सरकार द्वारा इन प्रमुख क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देने से समग्र और व्यापक विकास को गति मिलेगी।

भारत की शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने के साथ-साथ भारतीय मूल्यों को संरक्षित करने के उद्देश्य से सरकार ने कई दूरदर्शी और निर्णायक उपाय किए हैं। कुल बजट का 2.54% शिक्षा के लिए निर्धारित किया गया है।

अगले पांच वर्षों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब्स की स्थापना की जाएगी। भारतनेट परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना कर छात्रों को उद्योग आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा आईआईटी और मेडिकल कॉलेजों में सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की जाएगी ताकि बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। भारतीय भाषा पुस्तक योजना के तहत स्कूल और उच्च शिक्षा स्तर पर भारतीय भाषाओं में डिजिटल पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी।

अभाविप सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र को दी गई प्राथमिकता की भी सराहना करती है, जिसके लिए ₹ 98,000 करोड़ का बजटीय आवंटन किया गया है। सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 कार्यक्रम के तहत 8 करोड़ से अधिक बच्चों, 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण सहायता प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना की जाएगी, जिससे खाद्य विज्ञान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। सभी जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर केंद्रों की स्थापना की जाएगी, जिससे कैंसर के इलाज की सुविधा अधिक सुलभ होगी।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा, "केंद्रीय बजट 2025 भारत के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं और लक्ष्यों को दर्शाता है। शिक्षा क्षेत्र के लिए ₹ 1,28,650 करोड़ और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए ₹ 98,000 करोड़ का आवंटन कर सरकार ने समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह बजट प्रगतिशील और समावेशी है, जो देश की जनसांख्यिकीय आवश्यकताओं को पूरा करता है।"

अभाविप का मानना है कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में किए गए ये निवेश आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

---

**(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री सौरभ पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)**